**ST. LAWRENCE HIGH SCHOOL**

**A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION**

**CLASS: 12**

**पाठ्य सामग्री**

SUBJECT :Hindi DATE: 27. 06 .2020

**पाठ नाम - वाक्य संशोधन**

**भाषा की संरचना में वाक्यों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। वाक्य भाषा की महत्त्वपूर्ण इकाई हैं। वाक्यों की शुद्धता के बिना भाषा की शुद्धता की कल्पना करना भी कठिन है। दूसरे शब्दों में वाक्यों की शुद्धता पर ही भाषा की संरचना निर्भर करती है। लिखित भाषा की शुद्धता हेतु व्याकरण के नियमानुसार वाक्य संरचना शुद्ध होनी चाहिए। वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखने के लिए वर्ण , शब्द, वाक्य आदि के प्रयोग के कुछ निश्चित नियम होते हैं जिनके प्रयोग से भाषा शुद्ध बनती है। व्याकरण के नियमों का प्रयोग करते हुए वाक्य संरचना में दो बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए**

**(क) वाक्य में प्रयुक्त पद अपने निश्चित स्थान पर ही प्रयोग किए जाने चाहिए।**
**(ख) वाक्य में प्रयुक्त पदों का परस्पर संबंध स्पष्ट करना अर्थात् अन्विति पर ध्यान देना चाहिए।**

**वाक्य लिखते अथवा बोलते समय अक्सर कई प्रकार की** अशुद्धियाँ **होती हैं। सामान्यतः ये अशुद्धियाँ उच्चारण की अशुद्धियों के कारण होती हैं।**

**1. अ, आ की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| संसारिक<br>सप्ताहिक<br>अगामी<br>परिवारिक | सांसारिक<br>साप्ताहिक<br>आगामी<br>पारिवारिक |

## 2. इ, ई के गलत प्रयोग से होने वाली अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| परिक्षा<br>तिथी<br>दिवार<br>कवी<br>हानी<br>शक्ती | परीक्षा<br>तिथि<br>दीवार<br>कवि<br>हानि<br>शक्ति |

## 3. ‘अ’ ‘ऊ’ की अशुद्धियाँ

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| पुर्व<br><br>साधू<br><br>रुप<br><br>गुरू | पूर्व<br><br>साधु<br><br>रूप<br><br>गुरू |

**4. ऋ के स्थान पर 'र' की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| क्रिपा<br><br>रितु | कृपा<br><br>ऋतु |

**5. ए और ऐ की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
| --- | --- |
| देनिक | दैनिक |

| | |
|---|---|
| वेसी<br><br>एनक<br><br>एसा | वैसा<br><br>ऐनक<br><br>ऐसा |

**6. ओ और औ की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| नोकरी<br><br>त्यौहार<br><br>ओरत<br><br>पड़ोस | नौकरी<br><br>त्योहार<br><br>औरत<br><br>पड़ौस |

**7. विसर्ग संबंधी अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| प्राय<br><br>अतः एव | प्रायः<br><br>अतएव |

| | |
|---|---|
| प्रातकाल | प्रातःकाल |
| निसंतान | नि:संतान |

**8. श, ष, स, के प्रयोग की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| प्रशंशा | प्रशंसा |
| दिनेस | दिनेश |
| भासा | भाषा |
| नास | नाश |
| देस | देश |
| कलस | कलश |
| सरबत | शरबत |

**9. अल्पप्राण और महाप्राण की अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|

| | |
|---|---|
| झूट | झूठा |
| भूक | भूख |
| धोका | धोखा |
| श्रेष्ट | श्रेष्ठ |
| घनिष्ट | घनिष्ठ |
| अभीष्ठ | अभीष्ट |
| धंदा | धंधा |

**सामान्य वर्तनी की अशुद्धियाँ**

| **अशुद्ध वर्तनी** | **शुद्ध वर्तनी** |
|---|---|
| अकाश | आकाश |
| दवाईयाँ | दवाइयाँ |
| अध्यन | अध्ययन |
| उन्नती | उन्नति |
| आधीन | अधीन |

| | |
|---|---|
| कवी | कवि |
| आर्दश | आदर्श |
| प्रमान | प्रमाण |
| आर्शीवाद | आशीर्वाद |
| बारात | बरात |
| नही | नहीं |
| जिग्यासा | जिज्ञासा |
| पढता | पढ़ता |
| बिमारी | बीमारी |
| पड़ौसी | पड़ोसी |
| वृज | ब्रज |
| पीड़ा | पीड़ा |
| मात्रभूमि | मातृभूमि |
| पुज्य | पूज्य |
| पूर्ति | पूर्ति |

| | |
|---|---|
| दांत | दाँत |
| भूक | भूख |
| रिषि | ऋषि |
| कवियत्री | कवयित्री |
| रचियता | रचयिता |
| क्योंकी | क्योंकि |

### वाक्य संबंधी **अशुद्धियाँ**

**व्याकरण के नियमों का सही ज्ञान न होने के कारण वाक्य में अनेक प्रकार की अशुद्धियाँ हो जाती हैं, जिनका ध्यान रखना आवश्यक है। नीचे कुछ अशुद्धियाँ के शुद्ध रूप दिए जा रहे हैं।**

### लिंग और वचन संबंधी **अशुद्धियाँ**

| **अशुद्ध वाक्य** | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|
| मेरे माता जी कल जाएँगे। | मेरी माता जी कल जाएँगी। |
| यह पुस्तक मेरा है। | यह पुस्तक मेरी है। |
| अपने सभी गुरु का सम्मान करो। | अपने सभी गुरुओं का सम्मान करो। |

### **कारक संबंधी अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
| --- | --- |
| रोगी को दवाई लाओ।<br><br>मैंने दिल्ली जाना है।<br><br>मेरे को पिता जी ने डाँटा। | रोगी के लिए दवाई लाओ।<br><br>मुझे दिल्ली जाना है।<br><br>मुझे पिता जी ने डाँटा। |

**संज्ञा सर्वनाम संबंधी अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
| --- | --- |
| मैं आपकी पुस्तक नहीं ली।<br><br>रावण बहुत ज्ञानी व्यक्ति था।<br><br>तुम तुम्हारा काम करो।<br><br>सभी ने सबका काम कर लिया। | मैंने आपकी पुस्तक नहीं ली।<br><br>तुम अपना काम करो।<br><br>तुम अपना काम करो।<br><br>सबने अपना काम कर लिया। |

**क्रियाविशेषण संबंधी अशुद्धियाँ**

| अशुद्ध वाक्य | शुद्ध वाक्य |
| --- | --- |

| | |
|---|---|
| मुझे केवल मात्र बीस रुपए चाहिए।<br><br>वह सारी रात भर पढ़ता रहा। | मुझे मात्र बीस रुपये चाहिए।<br><br>वह सारी रात पढ़ता रहा। |

## क्रिया संबंधी अशुद्धियाँ

| **अशुद्ध वाक्य** | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|
| आप बोलो।<br><br>कृपया भोजन कर लो। | आप बोलिए।<br><br>कृपया भोजन कर लीजिए। |

## अन्य सामान्य अशुद्धियाँ

| **अशुद्ध वाक्य** | **शुद्ध वाक्य** |
|---|---|
| हवा ठंडी चल रही है।<br><br>रोगी को काटकर सेब खिलाया।<br><br>वह घर जाकर वापस लौट आया। | ठंडी हवा चल रही है।<br><br>सेब काटकर रोगी को खिलाया।<br><br>वह घर जाकर लौट आया। |

**निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करते हुए दुबारा लिखिए (10)**

1. उसका पागल हाथी हो गया है।
2. इन्होंने इस साल कई कहानियाँ लिखा है।
3. अधिकारी ने हस्ताक्षर कर दिया।
4. दूध से चमकते कपड़े ये किसके हैं ?
5. इस पुस्तक का मूल्य केवल दस रुपये मात्र है।
6. पिता कहा कि अपना काम स्वयं किया करो।
7. खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।
8. साहित्य और जीवन में घोर संबंध है।
9. उसके पास दुनियाभर की समाचार है।
10. हम पाठ याद कर लिया है।

उत्तर:

1. उसका हाथी पागल हो गया है।
2. इन्होंने इस साल कई कहानियाँ लिखी हैं।
3. अधिकारी ने हस्ताक्षर कर दिए हैं।
4. दूध से चमकते ये कपड़े किसके हैं।
5. इस पुस्तक का मूल्य केवल दस रुपए है।

   अथवा

   इस पुस्तक का मूल्य दस रुपए मात्र हैं।
6. पिता ने कहा कि अपना काम स्वयं किया करो।
7. गाजर काटकर खरगोश को खिलाओ।
8. साहित्य और जीवन में घनिष्ठ संबंध है।
9. उसके पास दुनिया भर के समाचार हैं।
10. हमने पाठ याद कर लिया है।

NAME-PRITI TIWARI